# देश के लिए रोल माडल बनेगी आइएमएलसी परियोजना : योगी

## प्रदेश के 26 जिलों में स्थापित किए जाएंगे 27 इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग एवं लाजिस्टिक क्लस्टर

- मुख्यमंत्री ने परियोजना का किया शुभारंभ, कहा एक्सप्रेसवे बनेंगे अर्थव्यवस्था का आधार
- उत्तर प्रदेश को देश के औद्योगिक पावर हाउस के रूप में स्थापित करेगा आइएमएलसी

**राज्य ब्यूरो, जागरण● लखनऊ:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग एवं लाजिस्टिक क्लस्टर (आइएमएलसी) परियोजना देश के लिए रोल माडल बनेगी। यह परियोजना उत्तर प्रदेश को देश के औद्योगिक पावर हाउस के रूप में स्थापित करेगी। डबल इंजन सरकार ने आठ वर्षों में उत्तर प्रदेश को 'एक्सप्रेसवे प्रदेश' के रूप में स्थापित किया है। नतीजतन आज उत्तर प्रदेश निवेशकों की पहली पसंद बन रहा है।

मुख्यमंत्री ने गुरुवार को अपने सरकारी आवास से प्रदेश के 26 जिलों में 27 आइएमएलसी स्थापित करने की परियोजना का शुभारंभ किया। प्रदेश में संचालित और निर्माणाधीन एक्सप्रेसवे की प्रगति की समीक्षा भी की। कहा कि एक्सप्रेसवेज राज्य की अर्थव्यवस्था को बढ़ाने का आधार बनेंगे। आइएमएलसी परियोजना उत्तर प्रदेश को देश के औद्योगिक विकास का केंद्र बनाने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन का हिस्सा है। इस परियोजना के तहत पांच एक्सप्रेसवे के दोनों ओर 13,240 एकड़ क्षेत्र में आइएमएलसी की स्थापना की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि निवेश के लिए सुरक्षा, लैंडबैंक और जरूरी इन्फ्रास्ट्रक्चर पहली शर्त होती है। उत्तर प्रदेश ने इन सभी क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है। कहा कि गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के उद्घाटन के मौके पर उन्होंने स्वयं इस पर सफर किया, जो तेज रफ्तार के साथ-साथ आरामदायक भी था। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि आइएमएलसी के निर्माण में मैनपावर की कोई कमी न हो और निवेशकों की भावनाओं का पूरा ध्यान रखा जाए। इसकी स्थापना से रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे।

मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने मुख्यमंत्री को निर्माणाधीन और गतिशील एक्सप्रेसवे की प्रगति की जानकारी दी। मेरठ-हरिद्वार एक्सप्रेसवे की समीक्षा के दौरान योगी ने सुझाव दिया कि इसका अलाइनमेंट शुक तीर्थ से भी जोड़ा जाए। यह भी निर्देश दिया कि एक्सप्रेसवे निर्माण में वन क्षेत्र को कम से कम नुकसान हो इसका ख्याल रखा जाए।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को अपने आवास पर इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग एवं लाजिस्टिक क्लस्टर के अन्तर्गत लगभग 2000 एकड़ भूमि पर निवेश के लिए विज्ञापन लांच करते ● सूचना विभाग

### रक्षा औद्योगिक गलियारा परियोजना की समीक्षा की

मुख्यमंत्री ने उप्र रक्षा औद्योगिक गलियारा परियोजना की भी समीक्षा की। इस परियोजना के तहत चित्रकूट, झांसी, कानपुर, अलीगढ़, लखनऊ व आगरा में 5,184 एकड़ क्षेत्र में रक्षा नोड्स स्थापित किए जा रहे है। इसमें से 5,017 एकड़ भूमि का अधिग्रहण कर लिया गया है, जबकि 167 एकड़ का अधिग्रहण बाकी है।

**आइएमएलसी के लिए 9,864 एकड़ भूमि का अधिग्रहण :** उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) द्वारा आइएमएलसी के लिए 9,864 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया जा चुका है, जबकि 3,376 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया जाना है। बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के पास छह जिलों में 4,723 एकड़ क्षेत्र में आइएमएलसी की स्थापना होगी। यूपीडा ने 3,873 एकड़ भूमि अधिग्रहित कर ली है। जालौन में स्थापित होने वाला क्लस्टर क्षेत्रफल के हिसाब से सबसे बड़ा होगा जो कि 1,677 एकड़ में फैला होगा। इसी प्रकार, बांदा नोड 1,426, चित्रकूट नोड 765, औरैया नोड 324, महोबा नोड 272 तथा हमीरपुर नोड 259 एकड़ में विस्तारित होगा। वहीं गंगा एक्सप्रेसवे के किनारे 11 जिलों में 3,707 एकड़ में नोड्स की स्थापना होगी। 2,673 एकड़ भूमि को यूपीडा द्वारा अधिकृत कर लिया गया है। संभल में 591, मेरठ में 529, उन्नाव में 333, हरदोई में 335, बदायूं में 269, शाहजहांपुर में 252, अमरोहा में 348, प्रतापगढ़ में 263, रायबरेली में 232, हापुड़ में 304 तथा प्रयागराज में 251 एकड़ भूमि में नोड्स की स्थापना होगी।

इसी प्रकार गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे पर दो जिलों में 514 एकड़ क्षेत्र में नोड्स की स्थापना होगी। इसमें से गोरखपुर में 361 तथा अंबेडकरनगर में 153 एकड़ क्षेत्र में नोड्स का निर्माण होगा। साथ ही अंबेडकरनगर में पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के अंतर्गत 609 एकड़ क्षेत्र में नोड्स का निर्माण होगा। पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर 3,383 एकड़ क्षेत्र में पांच नोड्स का निर्माण होगा। इसके अंतर्गत बाराबंकी में 811, अमेठी में 570, सुलतानपुर में 1,026 व गाजीपुर में 367 एकड़ क्षेत्र में नोड्स का निर्माण होगा। आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर 913 एकड़ क्षेत्र में तीन नोड्स की स्थापित होंगे। इसमें फिरोजाबाद में 344, इटावा में 217 तथा कन्नौज में 352 एकड़ क्षेत्र में नोड्स की स्थापित किए जाएंगे।